

# तीन दिन में काम शुरू नहीं तो निगम मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 26 अगस्त.** ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने आज तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए एक सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है, जिसमें कहा गया है कि शहर के साथ-साथ ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में सीवर, सड़कों पर गड्ढे, गंदे पानी की सप्लाई,

**विधायक डॉ सिकरवार ने ब्लॉक अध्यक्षों ओर पार्षदों के साथ निगमायुक्त को ज्ञापन देकर दिया अल्टीमेटम**

चरमराई हुई सफाई व्यवस्था, जगह-जगह जल भराव, बंद पड़ी स्ट्रीट लाईटें, सड़कों पर आवारा पशुओं की भरमार ऐसी ज्वलंत समस्याएं हैं, जिनका समाधान आवश्यक है। निगम के कुछ अधिकारी एवं कर्मचारियों की अर्कमण्डयता के कारण आमजन को इन समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। महापौर एवं मैंने स्वंय लश्कर पूर्व विधानसभा क्षेत्र का पिछले दिनों 'जलभराव' के साथ अन्य समस्याग्रस्त क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण किया था और अधिकारियों को 'सात दिन' में समस्याओं का समाधान कराने का अल्टीमेटम दिया था, मगर आज दिनांक तक समस्याएं यथावत हैं। किसी भी समस्या का निराकरण नहीं कराया गया है। जो नगर निगम प्रशासन की अर्कमण्यता को दर्शाता है। अगर अब उल्लेखित समस्याओं के निराकरण करने की शुरुआत तीन दिन के अंदर नहीं की गई तो निगम मुख्यालय पर जंगी धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

सात सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया है कि सीवर की विकराल समस्या के कारण वार्ड क्रमांक 18,19,20,21,22, 23,24,25,26,27,28,29,30,45 ,56,57,58,59 एवं 60 में आमजन भारी परेशान है। सीवर का पानी घरों एवं सड़कों पर भरने से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। घरों से लोग निकलकर दूसरे स्थानों पर ठहरने के लिए मोहताज हैं। क्षेत्रीय जनता में लगातार आक्रोश पनपता जा रहा है। सीवर की समस्या का समाधान तत्काल कराया जाए। ताकि जनता अपने घरों में रह सके।

वार्डों के गली-मौहल्लो के साथ-साथ मुख्य मार्गों की सड़कों पर गड्ढे होने से आम रहागीरों का चलना दूभर हो गया है। अधिकारियों को निर्देशित कर गड्ढे भरवाने की व्यवस्था करवाई जाए। शहर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। सड़कों पर मिट्टी जमने से दुपहिया वाहन चालक स्लिप हो कर गिर रहे हैं। साथ ही नालियां एवं नालों की सफाई नही होने से भी बडी समस्या बनी हुई है, इसका निराकरण कराया जाए और सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाएं। सफाई अधिकारी दफ्तर में बैठे-बैठे मॉनीटरिंग करते हैं कोई भी अधिकारी फील्ड में नजर नहीं आ रहा है।

विधायक डॉ सिकरवार के साथ ज्ञापन देने बालों में एम.आई.सी सदस्य श्रीमती लक्ष्मी सुरेश गुर्जर, एम.आई.सी सदस्य श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, हितेन्द्र यादव, अनूप शिवहरे, पार्षद केदार बरहादिया, पार्षद सुरेन्द्र साहू, पार्षद प्रमोद खरे, पार्षद अंकित कठठ्ल, जहान सिंह तोमर, राहुल गुर्जर, गौरव तिवारी आदि शामिल रहे।



## किसान सभा ने एसडीएम डबरा का घेराव कर ज्ञापन पत्र सौपा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अगस्त.** मध्य प्रदेश किसान सभा के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सुग्रीव सिंह ने बताया कि आदिवासियों को पट्टे किसानों को खाद बीज बिजली एवं भू माफियाओं द्वारा निजी एवं सरकारी संपत्तियां से कब्जा मुक्त कराने हेतु तहसीलदार मस्तराम गुर्जर को एसडीएम की अनुपस्थिति में एसडीएम कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन पत्र सोपा इस मौके पर सुग्रीव सिंह ने कहा कि अगर आदिवासियों की मुख्य मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर इनको पट्टे मुहैया नहीं कराए गए एवं भू माफियाओं द्वारा शासकीय जमीनों पर किए गए अतिक्रमण से मुक्त नहीं कराया गया तो आने वाले समय में प्रशासन को गंभीर प्रणाम भुगतने होंगे इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि यादव का यह कहना गलत है कि भाजपा सरकार में सभी लोग सुरक्षित हैं आज किसान आदिवासी बेरोजगार पूरी तरह से भाजपा के शासनकाल में दर-दर की ठोकर खाता फिर रहा है लेकिन भाजपा के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है किसान सभा आने वाले समय में आंदोलन को तेज करेगी एवं किसान एवं आदिवासियों के हक अधिकार के लिए डबरा एसडीएम कार्यालय का घेराव कर जेल भरो आंदोलन एवं अनिश्चितकालीन धरने एवं आंदोलन को तेज करेगी इस मौके पर जितेंद्र आर्य, रवि कुशवाहा, गजराज कुशवाहा, चंद्रभान कुशवाहा, गौतम सिंह राजपूत, और उदयभान कुशवाहा किसान एवं आदिवासी समुदाय के सैकड़ो लोगों उपस्थित थे ।

## एक नजर में



### व्यक्तिगत विकास एवं युवा क्षमता पर युवा का चिंतन जरूरी : शशि बिसेन

**ग्वालियर 26 अगस्त.** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की ग्वालियर ब्रांच द्वारा एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को युवा स्वास्थ्य पर जागरूक करने हेतु कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती शशि बिसेन ने बताया कि युवाओं को अपना विकास करना तथा उनका व्यक्तिगत विकास कैसे हो इस पर चर्चा की गई. कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष डी.एस चंदेल युवाओं के अधिकारों पर जानकारी दी. कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में संस्था की जनरल मैनेजर श्रीमती नीलम दीक्षित युवाओं को युवा स्वास्थ्य एवं उनके प्रजनन स्वास्थ्य पर चर्चा की एवं जागरूक किया. कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में संस्था की बीएससी सदस्य डॉक्टर वीणा प्रधान ने सभी को पेप स्मयर एवं कैंसर जैसी घातक बीमारी एवं बचाओ पर टिप्स दी. कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी अक्षेन्द्र सिंह कुशवाह ने सभी को एचआईवी एड्स जैसी घातक बीमारी से बचने एवं कारण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी. साथ ही उन्होंने सभी युवा गतिविधियों पर जागरूक किया. कार्यक्रम में पंकज अग्रवाल एवं शितेन्द्र राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम में कुल 85 युवा को जागरूक किया.



### डॉ. भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय में लोकार्पण 28 को

**ग्वालियर 26 अगस्त.** ग्वालियर के मुख्य प्रवेश द्वार ,विज्ञान भवन ,कंप्यूटर प्रयोगशाला एवं स्मार्ट क्लास का लोकार्पण 28 अगस्त को सुबह 11 बजे ऊर्जामंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जय प्रकाश राजोरिया एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है,जिसके निमित्त तैयारी हेतु महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष रामअवतार सिंह बैस ने महाविद्यालय का निरीक्षण कर लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया एवं कुछ कमियों को चिन्हित करते हुए पूर्ण करने हेतु सम्बंधित अधिकारियो को निर्देशित किया निरिक्षण मे महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ आर के श्रीवास्तव एवं मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल ग्वालियर के कार्यपालन यंत्री हरीश श्रीवास्तव उपयंत्री रामनिवास गुर्जर एवं महाविद्यालय के प्रोफ़ेसर रामबीर गुर्जर सहित अन्य लोग उपस्थित रहें ।



### सिंध पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पांच गायों की मौत

डबरा। दतिया को जोड़ने वाले सिंध पुल पर देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से 5 गाय की मौत नगर पालिका की लापरवाही से सड़कों पर घूमने वाले गो वंश आए दिन हो रहे दुर्घटनाओं का शिकार। जिम्मेदार बने उदासीन बेजुबान दुर्घटनाओं में दे रहे जान। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका की लापरवाही के कारण गौवंश गौशाला के स्थान पर सड़कों पर घूमने को विवश है और इसका खामियाजा गौवंश को भुगतना पड़ रहा है।

### सिक्युरिटी एजेंसी संचालक के घर से लाखों की चोरी

हजीरा थाना क्षेत्रांतर्गत बिरला नगर सब्जी मंडी के पास रहने वाले सिक्युरिटी एजेंसी संचालक चंद्रपाल सिंह तोमर के मकान को बीती रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का माल साफ कर दिया। बताया गया है कि घटना के समय पूरा परिवार घर में नहीं था। इसी बीच तीन चोर वेंटीलेटर विडो रखी अलमारी तोड़कर ज्वेलरी और नगदी लेकर फरार हो गए। चोरी गए माल की कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई जा रही है। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें तीनों चोर साफ नजर आ रहे हैं। चोरी की सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा फुटेज के आधार पर आरोपियों की तस्दीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### सावन महोत्सव मेले में 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को फ्री एन्ट्री

ग्वालियर। महानगर में चल रहे सावन महोत्सव मेले में 65 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को फ्री एन्ट्री दी जा रही है। सावन मेले के संचालक ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को फ्री एन्ट्री 30 अगस्त तक दी जायेगी। फ्री एन्ट्री की स्कीम रविवार, मंगलवार एवं अवकाश वाले दिन मान्य नहीं है। सावन के महीने में लोगों के मनोरंजन व मनपसंद खरीददारी के लिए जंगल बुक थीम कार्नीवल की तर्ज पर सावन महोत्सव मेले का आयोजन किया गया है। फूलबाग बड़ा ग्राउंड, ग्वालियर में चल रहे जंगल बुक थीम कार्नीवल - सावन महोत्सव मेले में हैण्डलूम स्टॉल, हैण्डीक्राफ्ट स्टॉल, एफएमसीजी प्रोडक्ट्स, शॉपिंग जोन के साथ मनोरंजन के दर्जनों स्टॉल लगाए गए हैं। जंगल बुक, भूत बंगला, बच्चों की राइड्स बच्चों का भरपूर मनोरंजन करेंगी। सेल्फी पॉइंट और फूड जोन कार्नीवल का विशेष आकर्षण हैं। आयोजन स्थल फूलबाग बड़ा ग्राउंड को आकर्षक रंगबिरंगी सतरंगी रोशनी से सजाया गया है।



## व्हीआईएसएम कॉलेज के एनएसएस विंग के विद्यार्थियों ने निकाली जल संरक्षण के लिये रैली

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अगस्त.** व्हीआईएसएम ग्रुप आफ स्ट्डीज में संचालित एन.एस.एस. विंग के छात्र-छात्राओं ने आज विवेकानंद नीडम ओवरब्रिज से झांसी रोड़ बस स्टेण्ड तक जल संरक्षण के लिये एक रैली निकालकर मानव श्रृखंला बनाई। रैली में एन.एस.एस. विंग के लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस रैली में नर्सिंग, फार्मेसी एवं पैरामेडीकल महाविद्यालय के विद्यार्थी शामिल थें। छात्रों ने पानी बचाओं जीवन बचाओं और जल ही जीवन है जैसे नारे लगाए साथ ही विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां लेकर जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने बताया कि वर्षा का जल प्रकृति का अनमोल उपहार है। यदि हम इस अमृत समान वर्षा जल को व्यर्थ बहने देंगे, तो भविष्य में हमें भयंकर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। अपने घरो की छतों से वर्षा के जल को टैंको में सचित करें, उसे जमीन में समाहित , वाटर हार्वेस्टिंग कर भूजल स्तर बढाँए और आने वाली पीढियों के लिए जल का भण्डार सुनिश्चित करें।

## निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति से मिलती है मुक्ति : साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 26 अगस्त.** पर्युषण पर्व के सॉंतवे दिन उपाश्रय भवन में प्रवचन देते हुए साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी, साध्वी श्री अमीवर्षा श्री जी, साध्वी श्री भव्योदया श्री जी, साध्वी श्री गुणोदया श्री जी, साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जी आदि ठाणा - 5 ने कल्पसूत्र का वाचन करते हुए जैनों के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जीवन चरित्र को विस्तार पूर्वक समझाया। साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी ने आज के प्रवचन में बताया गया कि पर्श्वनाथ: भगवान के कितने भव हुये और आदिनाथ भगवान के कितने भव हुये कैसे और कब आदिनाथ भगवान मोक्ष में गए ये वृतांत आज बताया गया और साथ ही परमात्मा नेमीनाथ का भी चरित्र वर्णन बताया गया कि कैसे उन्होंने जीवों की रक्षा की और जीव दया के बारे में समझाया, अभयदान का महत्व बताया और सभी को जीवदया की और प्रेरित किया तथा सभी को कल सवंत्सरी महापर्व दिवस में पोषध करने की प्रेरणा दी। उन्होंने अपने प्रवचनों में बताया कि मनुष्य को निस्वार्थ भाव से कर्म करना चाहिये फल की कदापि भी चिंता नहीं करनी चाहिए। निस्वार्थ भाव से की गई भक्ति से ही मुक्ति मिलती है। अगर साधक पूजा करने से पहले ही फल की कामना करता है तो ऐसी पूजा व्यर्थ हो जी है। साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी ने बताया कि जो व्यक्ति स्वयं की गलतियों की चर्चा कर उन्हें स्वीकार कर लेता है वही व्यक्ति आगे बढ़ते है।

पर्व का आंठवा दिन: श्री संघ के अध्यक्ष तिलकराज जैन, सचिव लोकेश शाह, कोषाध्यक्ष सुशील श्रीमाल, सहसचिव चैतन्य कोठारी, वरिष्ठ ट्रस्टी गजेन्द्र गुगलिया, संजीव पारख, ट्रस्टी भूषण बांठिया व हर्षित नाहटा ने बताया कि पर्युषण पर्व के आंठवे दिन सम्वतसरी महापर्व मनाया जायेगा। सर्वप्रथम प्रात: 5.30 बजे एक दिन का साधु जीवन जिने के लिये पौषध करने वाले श्रावक व श्राविका देववंदन कर चैत्य परिपाटी के रूप में गाजे-बाजे के साथ प्रात: 10 बजे सराफा मंदिर से कटीघाटी दादाबाड़ी पैदल





जायेंगे व वहां देव दर्शन व वंदन के बाद सकल श्रीसंघ के साथ पैदल ही सराफा मंदिर वापिस आयेंगे। प्रात: 7.30 बजे से उपाश्रय भवन में लयस्मिता श्री जी द्वारा 1250 सूत्रों का वाचन एवं चित्र दर्शन कराया जायेगा।

तद् उपरान्त साधू समाचारी का वाचन किया जायेगा। दोपहर को ठीक 4 बजे से पुरूषों एवं महिलाओं का एकसाथ साल का सबसे बड़ा प्रतिक्रमण प्रारंभ होगा जिसमें 84 लाख जीवयोनियों से क्षमा याचना की जायेगी एवं वर्ष भर में जो भी भूल, गलती, अशात्ना होती है उसके लिए मिछामीदुक्ड्डम बोलकर क्षमा याचना मांगी जायेगी।

## आईटीएम में स्टूडेंट इंडक्शन एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 26 अगस्त.** आईटीएम ग्वालियर (इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ग्वालियर) में स्टूडेंट इंडक्शन एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2025 का शुभारंभ हुआ। यह 24 दिवसीय आयोजन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की गाइडलाइन्स के अनुसार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्टूडेंट्स के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। इस प्रोग्राम में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज़ (यूएचवी) पर आधारित सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्टूडेंट्स को मानवीय मूल्यों, करुणा, सहयोग और संतुलन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ओरिएंटेशन प्रोग्राम शुभारंभ अवसर पर यूएचवी विशेष के रूप में अर्जिता द्विवेदी और कौशल बुटोलिया (एक्स एयरफोर्स ऑफिसर) शामिल हुईं। इस अवसर पर आईटीएम ग्वालियर की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, डीन अकेडमिक्स डॉ. एसएस चौहान, डीन रिसर्च डॉ. दीपेश भारद्वाज, डीन आईक्यूएसी डॉ. राजीव सिंह राठौर, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीएसडब्ल्यू नितिन दीक्षित, मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके शर्मा, कार्यक्रम संयोजक अमित जैन, फर्स्ट ईयर कोऑर्डिनेटर डॉ. महेंद्र सिंह भदौरिया, संजय जादौन, नरेंद्र वर्मा, गगन मुदगल, सुशांत जैन, अमित कुमार तिवारी, रविकांत वाजपेयी सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में नवप्रवेशित स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अर्जिता द्विवेदी ने कहा कि आज के दौर में जब शिक्षा का उद्देश्य अक्सर केवल रोजगार प्राप्ति और प्रतियोगी दुनिया में स्थान बनाने तक सीमित रह गया है, ऐसे में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज़ (यूएचवी) स्टूडेंट् को जीवन के व्यापक और गहरे अर्थ से परिचित कराने का सशक्त माध्यम बनकर उभरता है।

कार्यक्रम में कौशल बुटोलिया ने कहा कि वर्तमान समय में सफलता की परिभाषा दिन-प्रतिदिन संकुचित होती जा रही है, जहां अधिकांश युवा केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों और प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने को ही जीवन का उद्देश्य मानने लगे हैं। लेकिन यूएचवी का दर्शन हमें यह सिखाता है कि वास्तविक सफलता केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए भी सार्थक योगदान देने में है।

डॉ. मीनाक्षी मजूमदार ने कहा कि आईटीएम का प्रयास है कि स्टूडेंट्स अकादमिक रूप से सक्षम होने के साथ-साथ मानवीय मूल्यों से भी परिपूर्ण हों। डीन अकादमिक्स डॉ. एसएस चौहान ने कहा कि ओरिएंटेशन प्रोग्राम न केवल संस्थान की जानकारी देता है बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण की नींव भी रखता है। डीन रिसर्च डॉ. दीपेश भारद्वाज ने कहा कि यह समय नवाचार और अनुसंधान का है। डीन आईक्यूएसी डॉ. राजीव सिंह राठौर ने कहा कि गुणवत्ता शिक्षा के साथ आत्मविकास और सामाजिक जिम्मेदारी ही किसी संस्थान की पहचान बनाती है। डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने कहा कि अनुशासन और सकारात्मक वातावरण संस्थान की पहचान हैं। कार्यक्रम संयोजक अमित जैन ने कहा कि यह जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है।










